nandgaon times march-23-4.qxd 3/22/2025 10:51 PM Page 1

विश्व जल दिवस के अवसर पर जिले... पृष्ठ 2 | महिलाओं की सुरक्षा एवं जल... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


रविवार, 23 मार्च 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 156, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# सतत् सीखने से ही जनप्रतिनिधियों की भूमिका होगी प्रभावी : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री साय ने भारतीय प्रबंध संस्थान में छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय पब्लिक लीडरशिप प्रोग्राम का किया शुभारम्भ



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री साय ने भारतीय प्रबंध संस्थान में छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय पब्लिक लीडरशिप प्रोग्राम का किया शुभारम्भ हम सभी के बीच मतभेद हो सकते है लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए और छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्यों में यह बात हमेशा से कायम है। छत्तीसगढ़ का विकास हमारा मूल उद्देश्य है और जनप्रतिनिधि के रूप में हमें प्रदेशवासियों के हित में सदैव समर्पित होकर काम करना है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्यों के लिए भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर में आज आयोजित दो दिवसीय पब्लिक लीडरशिप प्रोग्राम के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम में हमेशा सीखते रहने की बात करते है और निश्चित रूप से सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। यहां कई ऐसे विधायक मौजूद है, जिनका जनप्रतिनिधि के रूप में लंबा अनुभव है, लेकिन वे भी इस कार्यक्रम को लेकर बहुत अधिक उत्साहित है। श्री साय ने कहा कि आप सभी सदस्यों की मौजूदगी यह साबित करती है कि छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर आप कितने चिंतित भी है और उत्साहित भी है। श्री साय ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में आमजनों से आपका व्यवहार सबसे बड़ी पूंजी है और यह लोगों के मन में आपके और संसदीय व्यवस्था के प्रति विश्वास को अधिक मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह पब्लिक लीडरशिप प्रोग्राम नवीन समाधानों को साझा करने का मजबूत मंच है और विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लक्ष्य को पाने में यह उपयोगी और सार्थक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन की संकल्पना को स्थापित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि ई ऑफिस की व्यवस्था से प्रशासनिक दक्षता के साथ-साथ पारदर्शिता भी बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि हमें प्रदेश को आगे ले जाना है तो सभी प्रकार की चुनौतियों से निपटने के लिए समान रूप से तैयार रहना होगा। उन्होंने सार्वजनिक हित में तकनीक के सदुपयोग पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने भारतीय प्रबंध संस्थान में पिछले वर्ष आयोजित




चिंतन शिविर को भी अत्यधिक उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि चिंतन शिविर में हमने जो कुछ सीखा था, छत्तीसगढ़ के नीति निर्माण में हमने इसका भरपूर उपयोग किया है। विजन डॉक्यूमेंट से लेकर बजट तैयार करने में भी हमें इससे बड़ी मदद मिली। मुख्यमंत्री ने विधानसभा के सभी सदस्यों से दो दिवसीय सत्र का भरपूर लाभ लेने को कहा और प्रबंध संस्थान को सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लीडरशिप प्रोग्राम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में सभी सदस्य लगभग 1 महीने तक सक्रियता के साथ शामिल रहे और इसके तुरंत बाद इस दो दिवसीय आयोजन में आप सभी की उपस्थिति प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा आप लोग सोच रहे होंगे कि जीतने के बाद हमारा प्रशिक्षण क्यों? जीतने के बाद हमारी जिम्मेदारी और भूमिका बढ़ जाती है, इसलिए हमें लगातार सीखते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें केवल अपने क्षेत्र के लिए नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ की बेहतरी के लिए कार्य करना है। डॉ. सिंह ने कहा कि हम अपने आसपास के परिवेश और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के प्रति कितने सजग है, जनप्रतिनिधि के रूप में आपको सफल बनाने में यह तथ्य महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि आपके पास अपने विधानसभा क्षेत्र की छोटी से छोटी जानकारी होनी चाहिए। डॉ. सिंह ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल से जुड़े कई अनुभव साझा किए और जनता से व्यवहार, जुड़ाव और उनका भरोसा जीतने को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास मंहत ने कहा विधायक बनते ही हम लीडर बन गये, ऐसा सोचना गलत धारण होगी। लीडर बनना एक प्रक्रिया है और हमें यह सीखना होगा। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों से निकलकर जशपुर का एक आदिवासी बेटा आज मुख्यमंत्री बना है, यह हमारे लोकतंत्र की खूबसूरती और ताकत है। हम सभी का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ की उन्नति है और इसी को लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्यगण, नीति आयोग के सीईओ श्री बीवीआर सुब्रमण्यम, आईआईएम रायपुर के निदेशक श्री राम कुमार, आईआईएम के प्रोफेसर श्री सुमीत गुप्ता, प्रोफेसर श्री संजीव पराशर, प्रोफेसर श्रीमती अर्चना पराशर उपस्थित थे।

# जिले के शासकीय विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं को किया गया सम्मानित.....

**छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत महिलाओं को जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया गया है उन्हें सम्मानित किया गया इनमें कृषि विभाग से आरती उईके ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, वन विभाग से कुमारी टीमन भूआर्य वनरक्षण, स्कूल शिक्षा विभाग से श्रीमती सीमा शर्मा डाटा एंट्री ऑपरेटर, विद्युत विभाग से श्रीमती अन्नपूर्णा जंघेल डाटा एंट्री ऑपरेटर,, नगर पंचायत छुईखदान से श्रीमती गजमोतिन पाल स्वच्छता दीदी,, एवं महिला बाल विकास से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उत्तर यादव,, तथा समस्त पर्यवेक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मान रूप प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया.....



**होली मिलन समारोह मनाया गया...**

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ग्रामीण महिलाओं एवं ग्राम स्तर के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ होली मिलन कार्यक्रम मनाया गया एवं एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी गईउक्त कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री पी आर खुटेल परियोजना अधिकारी बाल विकास परियोजना छुईखदान सुनील बंजारे पर्यवेक्षक रितु गुप्ता खेमिन धुर्वे प्रेमलता धुर्वे कालिंद्री धुर्वे माधुरी जगत लक्ष्मी सर्वा भूनेश्वरी बंजारे एवं ग्राम बागुर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम सरपंच बागुर,, ग्राम सरपंच पथर्रा,, एवं अन्य स्थानीय स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अंतराष्ट्रीय महिला दिवस सह जागृति शिविर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)** शासकीय विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को जिनमे विद्युत विभाग से कार्यालय कार्यों में कार्यालिन कार्यों को सुचारू रूप से करने एवं विशेष योगदान देने के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटर श्रीमती अन्नपूर्णा जंघेल, नगर पंचायत छुईखदान की स्वच्छता दीदी गजमोतिन पाल,, महिला बाल विकास विभाग से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उत्तर यादव, पर्यवेक्षकों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, कृषि विभाग से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आरती उइके ,,इसी तरह वन विभाग,स्कूल शिक्षा विभाग , आदि को समान रूप से प्रतिक चिन्ह,प्रमाण पत्र भेंट किया गया ।

# एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल ने जिम्नास्टिक खिलाड़ी अदारी नवीन साई कृष्णा के 38 वें राष्ट्रीय खेल एउत्तराखंड में सिल्वर मेडल प्राप्त करने पर दी बधाई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** हमारे छत्तीसगढ़ राज्य के जिम्नास्टिक खिलाड़ी अदारी नवीन साई कृष्णा के 38 वें राष्ट्रीय खेल एउत्तराखंड में सिल्वर मेडल प्राप्त होने पर छ:ग राज्य में जिम्नास्टिक खेल को ऊंचे दर्जे पर पहुंचाने हेतु नीरज बाजपेयी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डायरेक्टर आदरणीय नीरज बाजपेयी द्वारा शुभकामनाएं दी।



ज्ञात हो कि यह चैम्पियन खिलाड़ी नीरज पैरेन्ट्स प्राईड में वार्षिक उत्सव में जिम्नास्टिक प्रदर्शन देते आए है। नीरज बाजपेयी सर द्वारा विशेष रूप से इस खिलाड़ी के पढ़ाई और खेल क्षेत्र की प्रतिभा को देखते हुए प्रोत्साहित करते रहे इसके साथ ही राजनांदगांव टीम से राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में एवं 2016.17 से अपने स्कूली स्तर में लगातार ऑलराउण्डर चैम्पियन बने रहने में कामयाब रहे। ज्ञात हो कि सन् 2011 से जिम्नास्टिक की ट्रेनिंग नीरज पैरेंट्स प्राईड स्कूल.बल्देवबाग में अब तक निरंतर संचालित की जा रही है और यहीं से नए खिलाड़ियो को अपने प्रदर्शन के माध्यम से जिम्नास्टिक खेल जगत में प्रेरित किया है साथ ही पालको और खिलाड़ियो की रूचि खेल के प्रति बढ़ाए है।

# पदुमतरा में एक दिवसीय लोक महोत्सव का भव्य आयोजन आज

## सेवा भजन, जस जगराता, जस झांकी, पंथी नित्य, राउत नाच का होगा भव्य आयोजन




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ब्लॉक के पदुमतरा में एक दिवसीय लोक महोत्सव का भव्य आयोजन 23 मार्च दिन रविवार को किया जा रहा है। श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति, मोर माता मयारू नंदगईहा जस झांकी, फग परिवार एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा यह कार्यक्रम रखा गया है। सुबह 11 बजे विधिवत पूजा-अर्चना कर जय मां आरुशि बालिका जस जगराता परिवार गोडरी अर्जुनी की प्रस्तुति के साथ शुभारंभ किया जाएगा, इसके पश्चात श्री दाई के दुलरुवा नवरत्न जस झांकी परिवार पटपर डोंगरगढ़, जय मां शीलता अढ़हा सेवा भजन मंडली बेलरचंडी अभनपुर रायपुर, जय श्री कृष्ण बलदाऊ राउत नाच एवं झांकी पार्टी खैरा घुमका की प्रस्तुति होगी। इसके पश्चात सत्य के झंझकार पंथी नित्य दल चीचा धमधा दुर्ग की प्रस्तुति होगी। श्री विघ्नहर्ता बघवा जस झांकी परिवार कृष्णा नगर, सुपेला-भिलाई की प्रस्तुति होगी। तत्पश्चात श्री राधा कृष्ण सेवा एवं फग परिवार धनोरा वार्ड नंबर-7, दुर्ग की प्रस्तुति होगी। ज्ञान गंगा नंदगईहा जस झांकी परिवार खोरपा अभनपुर की प्रस्तुति होगी। समिति के सदस्यों ने आसपास के क्षेत्र के लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील है।

# दहमी माताजी का मंगलपाठ एवं चालीसा वाचन

## तृतीय महोत्सव में मंगलपाठ पोथी का विमोचन होगा, निखिल श्याम की जोड़ी करेगी मंगलपाठ

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सनातन संस्कृति के अनुसार प्रत्येक परिवार में कुलदेवी की पूजा अर्चना किए जाने की परंपरा है। राजस्थान के बहरोड़ जिले के समीप स्थित दहमी ग्राम में लगभग 700 वर्षों से स्थापित देवी मां का मंदिर दहमी माता मंदिर के नाम से विख्यात है। इसे मनसा माता दहमी वाली के नाम से भी जाना जाता है।



दहमी माताजी को कुलदेवी के रूप में पूजने वाले अनेक परिवार छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, डोंगरगढ़ ,भाटापारा, धमतरी इत्यादि में बसे हुए हैं। संस्कारधानी नगरी में दहमी माताजी को कुलदेवी के रूप में पूजने वाले परिवारों द्वारा पहली बार माताजी के मंगल पाठ की पोथी का विमोचन एवं तृतीय श्री दहमी माताजी महोत्सव का आयोजन 23 मार्च रविवार को श्री अग्रसेन भवन में आयोजित किया जा रहा है।

कुलदेवी दहमी (मनसा) माता परिवार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आज 23 मार्च रविवार दोपहर 03:00 बजे से श्री अग्रसेन भवन में तृतीय दहमी माता महोत्सव के अंतर्गत भव्य मंगल पाठ की पोथी का विमोचन किया जाएगा एवं मंगलपाठ एवं चालीसा का वाचन अंचल के सुप्रसिद्ध भजन गायक निखिल-श्याम की जोड़ी द्वारा किया जाएगा। इस दौरान श्री अग्रसेन भवन में माताजी का अलौकिक दरबार सजाकर अदभुत श्रृंगार किया जाएगा, छप्पन भोग लगाया जाएगा, मेंहदी एवं चुनरी उत्सव होगा। महोत्सव में दहमी माताजी को कुलदेवी के रूप में पूजने वाले परिवार सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे।

# अनुशासन जीवन को सिस्टम देता है, जिससे हमारे जीवन में स्थिरता और प्रगति आती है

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** यह एक प्रेरक और जीवन के मूल्यों पर आधारित संदेश है जिसे सनातनी समाजसेवक, विधिछात्र सृजन सोनी जी द्वारा कहा गया,इसमें कई महत्वपूर्ण बातें कही गई हैं शिक्षा का महत्व शिक्षा हमें सही और गलत के बीच का अंतर समझने में मदद करती है। यह हमें जीवन के मूल्यों और नैतिकता को समझने में मदद करती है आस्था और विश्वास हमारी आस्था की परीक्षा तब होती है जब हमें जो चाहिए वो नहीं मिलता। लेकिन अगर हमारे दिल से प्रभु के लिए शुक्रिया निकले, तो यह हमारी आस्था की सच्ची परीक्षा है बर्दाश्त और नजरअंदाज करने की क्षमता जीवन में कई चुनौतियाँ और कठिनाइयाँ आती हैं। लेकिन अगर हम बर्दाश्त करने की क्षमता और नजरअंदाज करने की क्षमता विकसित करें, तो जीवन जीना आसान हो जाता है यह संदेश हमें जीवन के मूल्यों और नैतिकता को समझने में मदद करता है। यह हमें अनुशासन, शिक्षा, आस्था, और बर्दाश्त करने की क्षमता को विकसित करने के लिए प्रेरित करता है।



# संस्कारधानी में आईपीएल के सट्टा कारोबार को लेकर प्रशासन की कार्यवाही का है इंतजार

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव में यह कारोबार आज से फिर से शुरू हो जाएगा, लेकिन प्रशासन की ओर से इस पर कोई कार्रवाई की जाएगी या नहीं, यह कल के बाद पता चलेगा इस मामले में हर साल यह सवाल उठता है कि प्रशासन क्यों नहीं करती कार्यवाही इन लोगों पर। सट्टा कारोबार अवैध है और इससे समाज में कई समस्याएं पैदा होती हैं,प्रशासन को चाहिए कि वह इस मामले में तुरंत कार्रवाई करे और सट्टा कारोबार को रोके इसके अलावा, प्रशासन को यह भी पता



लगाना चाहिए कि क्या इस कारोबार में कोई बड़े लोग शामिल हैं और क्या इसमें कोई राजनीतिक संरक्षण है। देखना यह है कि क्या प्रशासन इस पर कोई कड़ा रुख अपनाएगा इससे पहले भी प्रशासन ने सट्टा कारोबार पर कार्रवाई की है।

महादेव सट्टा ऐप मामले में ईओडब्ल्यू ने रायपुर, दुर्ग, भिलाई, कांकेर और राजनांदगांव समेत 30 जगहों पर एक साथ कार्रवाई की थी इसके अलावा, रायपुर पुलिस ने आईपीएल सट्टा पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की थी और कई सटोरिए और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार किया था।

# विश्व जल दिवस के अवसर पर जिले के ग्राम पंचायतों में जल, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी का हुआ आयोजन

## जल सरंक्षण के लिए ग्रामीणों ने लिया संकल्प, ग्रामीणों को जल संरक्षण, स्वच्छता एवं फसल परिवर्तन के संबंध में दी गई जानकारी



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून, पानी गए न ऊबरे, मोती मानुष चून.... रहीम के इस दोहे से पानी के महत्व को तो समझा ही जा सकता है। ऐसे तो हर दिन के लिए पानी का अपना महत्व है परंतु 22 मार्च विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। पानी एक ऐसी बहुमूल्य प्राकृतिक संपदा है, जिसका कोई अन्य विकल्प पृथ्वी पर मौजूद नहीं है। जब तक जल है तभी तक जीवन है। जल को बचाने के लिए हम सबको मिलकर हरसंभव प्रयास करने की अनिवार्य आवश्यकता है। विश्व जल दिवस के अवसर पर राजनांदगांव जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं गिरते भू-जल के स्तर के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित स्वसहायता समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणों को ग्रामों में भू-जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य योजनाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों से भविष्य में पानी की समस्या से बचने के लिए भू-जल संरक्षण व संवर्धन के लिए करने का आग्रह किया गया। कृषकों से फसल चक्र परिवर्तन विषय पर चर्चा की गई और किसानों से धान के बदले कम पानी की खपत वाले अन्य फसल लेने का आग्रह किया गया। उन्हें अलग-अलग किस्म के फसलों से होने वाले लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया गया और ग्राम में साफ-सफाई रखने के लिए किए जा रहे उपायों के बारे में चर्चा की गई। स्वच्छ भारत अभियान के तहत विभिन्न ग्रामों में साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम में संगम अभियान के उद्देश्यों के बारे में



जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में बताया गया कि संगम अभियान के तहत महात्मा गांधी नरेगा को महिला संगठनों एवं पंचायती राज संस्थाओं के साथ एकीकृत करता है। लखपती दीदी कार्यक्रम के तहत महिलाओं की आय बढ़ाने और सतत आजीविका प्रदान करने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने जल संरक्षण के लिए संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशु पालन विभाग, पंचायत विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# एलीगेंट कॉलेज बी.बी.ए तृतीय सेमेस्टर का परिणाम अन्वेषा शर्मा पुनः जिले में प्रथम स्थान

## हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से संबद्ध

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर में स्थित जानी मानी संस्था एलीगेंट कॉलेज में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा बी.बी.ए. तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। जिसमें तीन छात्र/छात्रा प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की हमारे महाविद्यालय में अध्ययनरत् बी.बी.ए. तृतीय सेमेस्टर दिसम्बर-जनवरी 2024-25 के परिणाम अच्छे रहे। दिसम्बर 2024-25 में आयोजित बी.बी.ए तृतीय सेमेस्टर में अन्वेषा शर्मा ने 73त्न अंक अर्जित कर प्रथम स्थान पर रही अन्वेषा शर्मा ने बीबीए प्रथम सेमेस्टर में भी जिले में प्रथम स्थान स्थान प्राप्त किया था इसी प्रकार बुशरा फिरदौश ने 66त्न अंक अर्जित कर द्वितीय एवं अमृत यादव ने 63त्न अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस प्रकार हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बी.बी.ए. तृतीय सेमेस्टर में एलीगेट कॉलेज का शानदार परिणाम रहा इस अवसर पर संस्था के चेयरमेन राजेश खण्डेलवाल एवं सचिव राजेश गुप्ता ने सभी स्टाफ एवं विद्यार्थियों को शुभकामनांए दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है व संचालको ने इस सफलता का श्रेय प्रचार्य अशोक जोशी के कुशल नेतृत्व एवं स्टाफ की कड़ी मेहनत को दिया। इस सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं। सफल छात्र/छात्राओं के संबंध में मानना है की संस्था ने जिस बेहतर तरीके से उन्हे विभिन्न विषयों पर परामर्श एवं स्टडी मटेरियल प्राप्त हुये थे वे उनके लिए बहुत ही फायदेमंद साबित हुए साथ ही समय-समय पर परीक्षा की तैयारी हेतु लिए गये यूनिट एवं मॉडल पेपर का विषेष लाभ उन्हे मिला है।



अन्वेषा शर्मा    बुशरा फिरदौश    अमृत यादव

## झेरिया यादव समाज का प्रदेश स्तरीय युवक - युवती परिचय सम्मेलन आज

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव की राजनांदगांव महानगर इकाई द्वारा रविवार, 23 मार्च को प्रदेश स्तरीय सामाजिक युवक - युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन गाँधी सांस्कृतिक भवन म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड राजनांदगाँव में किया जा रहा है। लंबे अरसे बाद आयोजित इस वृहद सम्मेलन में छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, पारंपरिक राउत नाचा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ स्वजातीयजनों के स्वास्थ्य परीक्षण तथा ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग एवं क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय का सहयोग लिया जा रहा है। समाज के सचिव पूनाराम यादव ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे जबकि समाज के प्रान्ताध्यक्ष जगनिक यादव कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संतोष पाण्डे, चन्द्रपुर विधायक रामकुमार यादव, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उपस्थित रहेंगे। समाज के अध्यक्ष गरीबाराम यादव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश पदाधिकारियों एवं समस्त जिला अध्यक्षों के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में उक्त कार्यक्रम संपन्न होगा।

उन्होंने समाज के सभी स्वजातीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज राजनांदगांव जिला के पूर्व अध्यक्ष बिसेलाल यादव (डोंगरगाँव), संरक्षक रमेश कुमार यादव (डोंगरगढ़), बिहारीलाल यादव ( छुईखदान ), महानगर इकाई के महामंत्री सुदेश यादव, दुर्गेश यादव, कृष्णा यादव, उपाध्यक्ष अमन यादव, मनोज यादव, संतोष यादव, कोषाध्यक्ष राजेश यादव, सहसचिव नितेश यादव, मुरली यादव, सलाहकार महेश यादव, पार्षद श्रीमती खेमिन यादव, पूर्व पार्षद श्रीमती जया यादव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष चेतन यादव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती शोभा यादव, संरक्षक श्रीमती मालती यादव, झंगलुराम यादव, रामलाल यादव, बोधन राम यादव, गोविन्द यादव, श्रीमती उर्मिला यादव, श्रीमती ललिता यादव, जय यादव, गोविंदा यादव, संदेश वाहक बिसनाथ यादव आदि आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

## हरडुवा में न्याय समिति का गठन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम हरडुवा में नव निर्वाचित सरपंच श्री गंगेश्वर वर्मा पंच प्रमुख समस्त ग्रामवासियों के सहमति से ग्राम न्याय समिति का गठन किया गया। मिडिया प्रभारी रोहित वर्मा ने बताया कि न्याय समिति के अध्यक्ष श्री अश्विनी जंघेल, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण दुबे, सचिव शिवेन्द्र वर्मा, कोषाध्यक्ष संतराम साहू को पदभार के रूप में चयन किया गया। इस अवसर पर बहादूर वर्मा, रोहित वर्मा, विष्णु वर्मा, बाला वर्मा, डोमान सिंह डा. ऋषि वर्मा चोवा, खेलन, कमलेश, रवि कोटवार, ग्राम पटेल एवं पंचगण उपस्थित थे। गंगेश्वर वर्मा ने अपने उद्बोधन में सभी ग्रामवासियों का साथ एवं न्याय समिति को मजबूत कड़ी में लेकर साथ चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

## सीआरसी ठाकुरटोला में 25 एवं 26 मार्च को क्षेत्रीय अभिभावक बैठक का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सीआरसी ठाकुरटोला के सभागार भवन में 25 एवं 26 मार्च 2025 को क्षेत्रीय अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों और उनके अभिभावकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं, अधिकारों एवं लाभों की जानकारी प्रदान करना करना तथा दिव्यांगजनों को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित ओडिशा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र आंध्रप्रदेश से भी

**कार्यालय सहायक कृषि अभियंता, कृषि अभियांत्रिकी जिला-कबीरधाम (छ0ग0)**
घोठिया रोड कवर्धा कार्या. फो.नं.-07741-208171, email-aaekwd.65@gmail.com

क्रमांक/अपलेखन/2024-25/1139    कबीरधाम, दिनांक 19/03/2025

**// शासकीय टायर एवं आयरन स्क्रैप की नीलामी हेतु निविदा सूचना//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अपलेखित निम्नांकित शासकीय टायर एवं आयरन स्क्रैप का निविदा द्वारा विक्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए मुहर बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | टायर/आयरन स्क्रैप | भार (किग्रा. में) | स्थान जहां पर स्क्रैप उपलब्ध है | आफॅसेट प्राईज (रू.) | धरोहर राशि (रू.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टायर स्क्रैप | लगभग 1100 किग्रा. | कार्यालय सहायक कृषि अभियंता, घोठिया रोड, जिला-कबीरधाम | 15,400 | 1,000 |
| 2 | आयरन स्क्रैप | लगभग 500 किग्रा. | | 8,000 | |
| | | | कुल | 23,400 | |

- मुहरबंद निविदा 20 अप्रैल 2025 को दोपहर 5:00 बजे तक कार्यालय सहायक कृषि अभियंता, जिला-कबीरधाम में जमा करायी जा सकेगी, समायावधि के पश्चात् प्राप्त होने वाले निविदा पर कोई विचार नही किया जावेगा।
- नियत समय तक प्राप्त निविदाएं 22 अप्रैल 2025 को सुबह 11:30 बजे कार्यालय सहायक कृषि अभियंता, जिला कबीरधाम में खोली जावेगी, निविदाकार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि निविदा खोलने के समय उपस्थित रह सकते है।

**सहायक कृषि अभियंता**
**जिला-कबीरधाम**

जी - 242506086/3

# करियाटोला में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता संपन्न

## मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विष्णु सोनी

**डोगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** करियाटोला में पुरखा के सुरता के तहत दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें 25 मंडलियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस रंगारंग आयोजन का शुभारंभ कांग्रेस नेता विष्णु सोनी ने किया इसअवसर पर दुलारी विष्णु सोनी अश्वनी पड़ोती, पार्षद लीला राम मंडावी, ग्राम प्रमुख राजीव वैष्णव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के विजेता एवं सम्मानित मंडलियां:

प्रतियोगिता में जय मां शीतला जस झांकी एवं फाग परिवार, इन्दामरा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रख्यात गायक जगन बाबा ने किया।

**गायन प्रतियोगिता के विजेता:**

प्रथम स्थान: लगुरूवा फाग एवं जस परिवार द्वितीय स्थान: श्री समता सेवा एवं फाग मंडली, सांकरा

तृतीय स्थान: जय मां चामुंडा बालिका सेवा भजन एवं फाग मंडली, रायपुर चतुर्थ स्थान: श्री शीतल सेवा एवं फाग भजन मंडली, अड़मागोदीपंचम स्थान: जय मां अंबे सुखईहा भुवनेश्वर जस जागराता एवं फाग परिवार, ग्राम करियाटोला इस आयोजन में परंपरागत फाग गीतों और भजनों की सुमधुर प्रस्तुति से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मंडलियों ने अपनी कला और संगीत के माध्यम से लोक संस्कृति और भक्ति रस की अनूठी झलक पेश की, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।



**गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति**

इस अवसर पर दीपेश ठाकुर, जर्मेंद्र देवांगन, शान ठाकुर, सोभाराय साह, मनोज साहू, सतीश ठाकुर, तामेश्वर यादव, नवीन साहू, दुर्यंत ओटी, पंप्पू साहू, योगेश गोंड, गुलशन गोंड, कमल राजपूत, उलेश राजपूत, दुलेश देवांगन, सुनील मांडवी, तेजू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**संस्कृति संरक्षण की पहल**

इस आयोजन के माध्यम से पारंपरिक लोकगीतों और धार्मिक संगीत को बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक पहल की गई। आयोजकों ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इसी तरह के आयोजन होते रहेंगे, जिससे हमारी संस्कृति और परंपराओं को सहेजा जा सके कार्यक्रम के समापन पर सभी विजेता मंडलियों को सम्मानित किया गया और आयोजन समिति ने प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# एक महिला केवल घर नहीं संभालती वह पूरी दुनिया बदल सकती है : किरण वैष्णव





**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गुदरदेही में महिला सम्मान व स्वच्छता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के चैल चित्र पर पुजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी।इस अवसर ग्राम वासियों द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव का फूल माला भेंट कर स्वागत किये। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि एक महिला केवल घर नहीं संभालती वह पूरी दुनिया बदल सकती है।जिसका आज साक्षात उदाहरण सुनीता विलियमसन है।जो अतंरिक्ष में नौ महीने तक फंसे होने के पश्चात हार नहीं मानी और संघर्ष कर देश के लिए कार्य करती है।और आज सकुशल धरती पर वापसी हुई। श्रीमती वैष्णव ने कहा नारी कभी मां तो कभी पत्नी, कभी दोस्त तो कभी बेटी बन हर कदम पर आपके जीवन को संवारने का काम करती है ।नारी के इसी सम्मान में पूरी दुनिया आज इंटरनेशनल वुमन्-?स डे सेलिब्रेट कर रही है ।नारी की इन्हीं उपलब्धियों को और अधिक सशक्त बनाने और महिलाओं के त्याग और समर्पण को सेलिब्रेट के लिए आज, 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम को जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा ने भी संबोधित नारी स्वतंत्रता का मतलब उसकी शक्ति को पहचानना और सम्मान देना है।नारी घर की रौनक है, दुनिया की रोशनी है।हर सफलता के पीछे एक नारी की ताकत होती है। साथ ही कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य गोपाल भुआर्य, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर, भाजपा मंडल गैंदाटोला अध्यक्ष हिरदे देवांगन जनपद सदस्य अंजलि घावड़े,व ग्राम के प्रथम नागरिक उमा ठाकुर ने भी संबोधित करते हुए नारी शक्ति व स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।इस अवसर पर भूपेंद्र नायक पूर्व जनपद सदस्य, गुहा राम, सुंदर लाल सिन्हा, ईश्वर निर्मलकर सहित जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी व महिला समूह की दीदी व ग्राम वासिय उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय सतर्कता एवं सर्वेक्षण समिति की बैठक 27 मार्च को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय की अध्यक्षता में 27 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्टोरेट के अपर कलेक्टर कक्ष क्रमांक 30 में मैनुअल स्कैवेंजर्स के तहत हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिशेध और उनका पुनर्वास अधिनिमय अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई है।

## कलेक्टर ने हितग्राहियों को वितरण किया ऑफर लेटर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी राजनांदगांव के माध्यम से 37 हितग्राहियों को सोलार इंस्टॉलेशन एवं इलेक्ट्रिशियन कोर्स का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण उपरांत 11 हितग्राहियों को प्रिमियम सोलार प्राईवेट लिमिटेड हैदराबाद में सोलार इंस्टॉलेशन पद तथा 15 हितग्राहियों को यजाकी इंडिया प्राईवेट लिमिटेड अहमदाबाद में ऑपरेटर (इलेक्ट्रिशियन) पद हेतु नियोजित किया गया है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कम्पनियों द्वारा हितग्राहियों को जारी ऑफर लेटर का वितरण किया गया। कलेक्टर ने हितग्राहियों को कौशल उन्नयन के अलावा कार्य अनुभव के माध्यम से अपने कौशल को और अधिक निखारने की बात कही तथा हितग्राहियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

**शुभांक**

**5-6-8**

**588-1 670-3**

# महिलाओं की सुरक्षा एवं जल संरक्षण दोनों आवश्यक, संस्कार सिटी कॉलेज में हुआ कार्यशाला का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महिलाओं के विकास, उत्पीड़न, मानवीय अधिकार विषय पर संस्कार सिटी कॉलेज आफ एजुकेशन के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया कॉलेज की प्राचार्या डॉ गुरप्रीत कौर छाबड़ा ने कार्यशाला के उद्देश्य बताते विशेषज्ञ के रूप में अधिवक्ता श्रीमती कुसुम दुबे का स्वागत कर उद्बोधन हेतु आमंत्रित किया गया । अधिवक्ता कुसुम दुबे ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कही कि आज के परिवेश में महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ उनके विकास पर भी हमें चिंता करनी है और संस्था ने इस महत्वपूर्ण विषय पर कार्यशाला आयोजन कर आप सबको जागरूक करने का जो कार्य किया है वह स्वागतेय है। श्रीमती दुबे ने अपने संबोधन ने महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं की सिलसिले वा जानकारी देते हुए बताई कि महिलाओं को आर्थिक रूप से एवं



आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाओं का लाभ दिलाना होगा तभी नारी शक्ति विकासशील होंगी प्राय: यह देखा जाता है कि आज महिलाएं असुरक्षित हैं और उत्पीड़न का शिकार भी हो रही है अत: नारी सुरक्षा हम सब की पहली जिम्मेदारी है साथ ही उत्पीड़न से पीड़ित महिला को पुलिस के समक्ष , महिला आयोग में अपनी शिकायत तत्काल दर्ज कराकर विधिक सहायता के माध्यम से वे समाधान करा सकती हैं साथ ही भारतीय संविधान में महिलाओं को मिले अधिकार के बारे में भी जानकारी देकर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए हम सबको कार्य करने की की आवश्यकता है इसी प्रकार मानवीय अधिकार विषय में बताते हुए कही कि भारतीय संविधान में मिले जिसके अधिकार का हनन होता है वह मानव अधिकार आयोग में अपनी शिकायत दर्ज कराकर सहायता प्राप्त कर सकते है हमें अपने अधिकारों के प्रति जहां जागरूक रहने की आवश्यकता है वही हमें अपने कर्तव्य का भी निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करनी है आज के परिवेश में महिलाओं की सुरक्षा एवं जल का संरक्षण करने की भी महिती जिम्मेदारी हम सबकी है ताकि भविष्य सुखद हो कार्यशाला के समापन पर उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं संस्था के समस्त स्टाफ को महिलाओं की सुरक्षा एवं जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया आयोजन में संस्था की प्राध्यापक श्रीमती मधुबाला श्रीवास्तव एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

## ज्ञान मंथन

*1) नेशनल रिसर्च सेन्टर फॉर मखाना कहाँ स्थित है?*

*2) दुनिया का सबसे लंबा रेल रूट कौन-सा है?*

*3) वीर बाल दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?*

*4) डेस्कटॉप और टैबलेट किस प्रकार के कंप्यूटर से संबंधित है?*

*5) हिंदी भाषा के लिए साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2023 से हाल ही में किसे सम्मानित किया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) पटना (बिहार) (2) पुर्तगाल और वियतनाम के बीच बना रेलवे कॉरिडोर है जिसकी लंबाई लगभग 17000 किलोमीटर है (3) 26 दिसम्बर (4) माइक्रो कंप्यूटर (5) अतुल कुमार राय

# महिलाओं की सुरक्षा एवं जल संरक्षण दोनों आवश्यक

## संस्कार सिटी कॉलेज में हुआ कार्यशाला का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महिलाओं के विकास, उत्पीड़न, मानवीय अधिकार विषय पर संस्कार सिटी कॉलेज आफ एजुकेशन के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया कॉलेज की प्राचार्या डॉ हरप्रीत कौर छाबड़ा ने कार्यशाला के उद्देश्य बताते विशेषज्ञ के रूप में अधिवक्ता श्रीमती कुसुम दुबे का स्वागत कर उद्बोधन हेतु आमंत्रित किया गया ।

अधिवक्ता कुसुम दुबे ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कही कि आज के परिवेश में महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ उनके विकास पर भी हमें चिंता करनी है और संस्था ने इस महत्वपूर्ण विषय पर कार्यशाला आयोजन कर आप सबको जागरूक करने का जो कार्य किया है वह स्वागतेय है। श्रीमती दुबे ने अपने संबोधन ने महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं की सिलसिले वा जानकारी देते हुए बताई कि महिलाओं को आर्थिक रूप से एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाओं का लाभ



दिलाना होगा तभी नारी शक्ति विकासशील होंगी प्राय: यह देखा जाता है कि आज महिलाएं असुरक्षित हैं और उत्पीड़न का शिकार भी हो रही है अत: नारी सुरक्षा हम सब की पहली जिम्मेदारी है साथ ही उत्पीड़न से पीड़ित महिला को पुलिस के समक्ष , महिला आयोग में अपनी शिकायत तत्काल दर्ज कराकर विधिक सहायता के माध्यम से वे समाधान करा सकती हैं साथ ही भारतीय संविधान में महिलाओं को मिले अधिकार के बारे में भी जानकारी देकर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए हम सबको कार्य करने की की आवश्यकता है इसी प्रकार मानवीय अधिकार विषय में बताते हुए कही कि भारतीय संविधान में मिले जिसके अधिकार का हनन होता है वह मानव अधिकार आयोग में अपनी शिकायत दर्ज कराकर सहायता प्राप्त कर सकते है हमें अपने अधिकारों के प्रति जहां जागरूक रहने की आवश्यकता है वही हमें अपने कर्तव्य का भी निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करनी है आज के परिवेश में महिलाओं की सुरक्षा एवं जल का संरक्षण करने की भी महिती जिम्मेदारी हम सबकी है ताकि भविष्य सुखद हो कार्यशाला के समापन पर उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं संस्था के समस्त स्टाफको महिलाओं की सुरक्षा एवं जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया आयोजन में संस्था की प्राध्यापक श्रीमती मधुबाला श्रीवास्तव एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी

## व्यक्तित्व विकास एवं करिअर संभावना पर तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 19 से 21 मार्च 2025 तक पं.शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुंसधान केन्द्र, सुरगी,



राजनांदगांव में व्यक्तित्व विकास एवं करिअर संभावना पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन डॉ. विनम्रता जैन अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय के सफ्ल मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ. शिवाजी लिमजे ने बताया कि इस कार्यशाला में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को कृषि के क्षेत्र में संभावनायें और अवसरच्च् पर जानकारी प्रदान कीद्य कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे पीएससी, यूपीएससी, जेआरएफ नेट, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, इत्यादि के बारे में जानकारी दी गईद्य कार्यालय कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को समय प्रबंधन व्यक्तित्व विकास इत्यादि विषयों पर चर्चा भी की गई द्य वेटरनरी कॉलेज अंजोरा के सहायक प्राध्यापक डॉ. रामचंद्र रामटेके ने पशुपालन व्यवसाय की बारिकियों को समझाया7 कृषि में स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने के लाभदायी तरीकों को श्री स्वदेश अग्रवाल दादाजी कृषि केंद्र राजनांदगांव ने बताया7 व्यक्तित्व विकास का करिअर में महत्त्व पर विस्तृत जानकारी डॉ. आर. एन. गांगुली प्राध्यापक कृषि महाविद्यालय ने दी7 उक्त कार्यक्रम के समापन अवसर पर विशेष अतिथि श्री एन. एल. पांडे उप संचालक कृषि राजनांदगांव ने प्रतिभागियों को कृषि विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं के साथ कृषि की बारिकियों को साझा किया एवं बताया की कृषि स्नातकों के लिए रोजगार की अपार सम्भावनाएं हैं इस कार्यशाला में उद्यानिकी महाविद्यालय, राजनांदगांव, की डॉ. जयालक्ष्मी गांगुली प्राध्यापक के साथ ही डॉ. नितिन तुर्र, डॉ. मनोज चंद्राकर, डॉ. अभय बीसेन, डॉ. ललित रामटेके, डॉ. डिकेश्वर ने कृषि के भविष्य में उपयोगिता हेतु जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.शिवाजी लिमजे सह प्राध्यापक द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित हुए।

# संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के 4 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए रवाना

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रहा बेहतर प्रदर्शन, नन्हें खिलाड़ियों ने पढ़ाई के साथ खेल का बनाया सामंजस्य

## संस्कारधानी तीरंदाजी संघ ने दी बधाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 6वीं एनटीपीसी चेरूकुरी लेनिन वोल्गा मेमोरियल मिनी (अंडर-10) ओपन राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 22 मार्च से 25 मार्च तक गुंटूर, आंध्रप्रदेश में आयोजित है। जिसमें संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के 2 खिलाड़ी वेदिका नेताम, हुमेंद्र नेताम का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हुआ है। विदित हो कि उक्त दोनों खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के कोच राहुल साहू एवं कुशल रजक ने बताया कि इसी प्रकार 14वीं एनटीपीसी चेरूकुरी लेनिन वोल्गा मेमोरियल मिनी (अंडर-15) राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 26 मार्च से 30 मार्च तक गुंटूर, आंध्रप्रदेश में आयोजित है। जिसमें संस्कारधानी तीरंदाजी



संघ के 2 खिलाड़ी संस्कार वर्मा रिकर्व खिलाड़ी एवं युग निर्मलकर कंपाउंड खिलाड़ी का चयन राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हुआ है। उक्त दोनों खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेने अपना स्थान सुरक्षित किया है। ज्ञात हो कि पढ़ाई के साथ-साथ इन नन्हें खिलाड़ियों ने खेल के अभ्यास को निरंतर जारी रखते हुए परीक्षाओं के अवसर पर भी बेहतर प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेने जाने पर उनके अच्छे प्रदर्शन एवं सफ्लता की कामना करते हुए संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के संरक्षक वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, सांसद संतोष पांडेय, महापौर मधुसूदन यादव, अध्यक्ष राजेंद्र गोलछा, समाजसेवी राधेश्याम गुप्ता, सीनियर खिलाड़ी अंजलि यादव, भूपेन्द्र सिन्हा, जतिन यादव सहित तीरंदाजी संघ के सदस्यगण, पालकगण व खिलाड़ियों ने बधाई दी है।

## राजनांदगांव जिला 30 जून तक जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने जिले में आगामी ग्रीष्म ऋ्रतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत 20 मार्च 2025 से 30 जून 2025 अथवा मानसून के आगमन तक (दोनों में से जो बाद में आये उस तिथि तक) की अवधि के जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में 20 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक की अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेंगे, लेकिन शासकीय एजेंसी जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संपूर्ण जिले में तथा नगर पालिक निगम एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने नगरीय निकाय की सीमा अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन के लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराए गये नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजना होगा। केन्द्रीय भू-जल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार राजनांदगांव जिले के 3 विकासखंड राजनांदगांव, डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ भू-जल के उपयोग के विषय पर सेमी क्रिटिकल जोन में आ चुके है। जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए अधिनियम अंतर्गत नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए अधिकारियों को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया जाता है। राजनांदगांव नगर पालिक निगम सीमा के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी राजनांदगांव, राजस्व अनुविभाग राजनांदगांव के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव, राजस्व अनुविभाग डोंगरगांव के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव, राजस्व अनुविभाग डोंगरगढ़ के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़, राजस्व अनुविभाग छुरिया के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व छुरिया को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# सीईओ जिला पंचायत विश्व जल दिवस के अवसर पर मिशन जल रक्षा, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी कार्यक्रम में हुई शामिल



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व जल दिवस के अवसर पर डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम कसारी एवं राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुकुलदैहान में मिशन जल रक्षा, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह आज मिशन जल रक्षा, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल हुई। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्रामीणों को जल संरक्षण, स्वच्छता एवं फसल चक्र के महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा जल संरक्षण के लिए सभी को संकल्प दिलाई। उन्होंने बताया कि मिशन जल रक्षा के तहत जल संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने मिशन जल रक्षा में अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में अपनी विशेष सहयोग प्रदान करने कहा। उन्होंने किसानों को कम पानी उपयोग वाली फसलों का अधिक से अधिक उत्पादन देने की सलाह दी। जिससे पानी के कारण फसल नुकसान नहीं हो। ग्राम पंचायत कसारी के ग्रामीणों ने बताया कि गांव के आसपास के जिन किसानों द्वारा ग्रीष्मकाल में फसल ली गई थी, उनके फसलों को पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण नुकसान हुआ है। जिसे देखते हुए किसानों द्वारा पानी का आवश्यकता अनुसार उपयोग करने तथा आने वाली पीढ़ी के लिए बहुमूल्य संपदा पानी को अधिक से अधिक बचाने के प्रयास करने का संकल्प लिया गया है।



इसके लिए सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्रामीणों की प्रशंसा की और जल संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत, सरपंच, पंच, महिला समूह एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## धर्म समाचार....

# सहारनपुर के बाबा नारायण दास जुड़ मंदिर की महत्ता देशभर में, समाधि पर दूर-दूर से आते हैं श्रद्धालु

सहारनपुर के जड़ौदा पांडा गांव में बाबा नारायण दास जुड़ मंदिर की महत्ता देशभर में है. सरकार ने मंदिर के सौंदर्यकरण के लिए 10 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं. सहारनपुर जनपद धार्मिक मान्यताओं से भरा हुआ है, जहां देशभर से श्रद्धालु विभिन्न मंदिरों में पूजा करने आते हैं. ऐसा ही एक मंदिर सहारनपुर के महाभारतकालीन गांव जड़ौदा पांडा में स्थित है. यहां बाबा नारायण दास जुड़ मंदिर की महत्ता पूरे देश में है. बाबा के वंश से जुड़े 12 गांवों जड़ौदा पांडा, किशनपुरा, जयपुर, शेरपुर, घिसरपड़ी, किशनपुर, चरथावल, खुशरोपुर, मोगलीपुर, चोकड़ा, घिस्सूखेड़ा, न्यामू के लोग उन्हें अपना कुल देवता मानते हैं. करीब 700 साल पहले ग्राम जड़ौदा पांडा में उग्रसेन और माता भगवती के घर बाबा नारायण दास का जन्म हुआ था. बाबा नारायण दास भगवान शिव के भक्त थे और उन्होंने कई जगह जाकर तपस्या की. उन्होंने अपनी 80




बीघा जमीन शिव मंदिर में दान दी और महाभारत कालीन शिव मंदिर के पास साधना करते हुए अपने सेवक, घोड़े और कुत्ते के साथ धरती मां की गोद में समा गए थे. वहीं उनकी समाधि बना दी गई जो आज भी मौजूद है और यहां दूर-दूर से लोग अपनी मनोकामनाओं को लेकर आते हैं, जिन्हें बाबा नारायण दास पूरा करते हैं. सरकार ने भी महाभारत कालीन गांव जड़ौदा पांडा के बाबा नारायण दास मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए 10 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है. ग्रामीण पंडित पंकज शर्मा ने लोकल 18 से बात करते हुए बताया कि यहां बाबा नारायण दास का समाधि स्थल है और वे इस गांव की दिव्य शक्ति हैं. लगभग 700 साल पहले बाबा ने यहां समाधि ली थी. प्रतिदिन लोग यहां सेवा भाव से आते हैं. यह जुड़ मंदिर कहलाता है क्योंकि यहां पहले बांस का वन था, जहां बाबा ने समाधि ली थी. इसीलिए इसे जुड़ मंदिर कहा जाता है. लोगों ने यहां विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियां भी स्थापित की हैं. बाबा नारायण दास श्री पंचायती उदासीन अखाड़े से जुड़े थे और शिव भक्त थे. उन्होंने दूर-दूर तक तपस्या की और फिर अपने गांव में आकर समाधि ली. हर साल आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष में रविवार को यहां विशाल भंडारे का आयोजन होता है और प्रसाद के रूप में पतासे चढ़ाए जाते हैं. दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु यहां संतान, नौकरी और स्वास्थ्य से जुड़ी मनोकामनाएं करते हैं और उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं. बाबा की कृपा से गांव के 12 गांवों में कोई चोरी नहीं होती, क्योंकि चोर आते ही घर में सो रहे व्यक्तियों की आंखें खुल जाती हैं. इसी कारण यहां कभी चोरी नहीं हुई है.

## हिन्दू नव वर्ष में बदल जाएगी इन राशि वालों की किमस्त, ये साल खुशहाली और तरक्की लाएगा

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिन्दू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 की शुरुआत हो रही है. ज्योतिषाचार्य संजय उपाध्याय के अनुसार मिथुन, कन्या और मीन राशि वालों के लिए यह साल खुशहाली और तरक्की लाएगा. चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हिन्दू नव वर्ष यानी नव संवत्सर की शुरुआत होती है। हिन्दू धर्म से जुड़े लोग इस दिन को बहुत खास तरीके से मनाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना शुरू की थी। हर साल इस तिथि पर ब्रह्मांड में नए मंत्रिमंडल का गठन होता है, जिसके आधार पर पूरे साल की गणना की जाती है। हिन्दू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 के राजा और मंत्री दोनों ही सूर्य हैं।




ज्योतिषीय गणना के अनुसार, 30 मार्च से इस नव संवत्सर की शुरुआत हो रही है और इस दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों मीन राशि में स्थित होंगे। यह नया साल कई राशियों के लिए धन, दौलत और ढेर सारी खुशहाली लेकर आएगा। यह भविष्यवाणी काशी के ज्योतिषाचार्य पंडित संजय उपाध्याय ने की है। इन भाग्यशाली राशियों में मिथुन, कन्या और मीन राशि शामिल हैं। आइए जानते हैं इसके बारे मेंज्

**मिथुन राशि:** मिथुन राशि वालों के लिए नए साल में कोई अच्छी खबर मिलेगी। आपको मनपसंद नौकरी मिल सकती है। इस साल आप जो भी काम करेंगे, उसमें सफ्लता जरूर मिलेगी। साथ ही, आपका पुराना कोर्ट का मामला भी सुलझ जाएगा, जिससे आपको बड़ा फायदा होगा।

**कन्या राशि:** कन्या राशि के लोगों के लिए नया साल नई खुशियां लेकर आएगा। इस साल आप अपने पुराने योजनाओं पर काम कर उन्हें पूरा कर पाएंगे। इस साल माता लक्ष्मी की कृपा से आपके जीवन में पैसों की कमी नहीं रहेगी।

**मीन राशि:** जब नव संवत्सर की शुरुआत हो रही है, तब सूर्य और चन्द्र दोनों मीन राशि में हैं। इस वजह से यह साल मीन राशि वालों के लिए बहुत अच्छा होगा। इस साल मीन राशि के जातकों को जीवन में तरक्की के नए मार्ग मिलेंगे और समाज में उनकी मान प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# पंचायत सचिवों के समर्थन में डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव धरना स्थल पहुंचे जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पूरे प्रदेश में सचिव संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर हड़ताल धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। शासकीयकरण की मांग को लेकर ब्लॉक मुख्यालय डोगरगांव व डोगरगढ़ में धरना प्रदर्शन कर रहे पंचायत सचिवों को अब जनप्रतिनिधियों का भी समर्थन मिल रहा है। प्रांतीय संगठन के आव्हान पर किये जा रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में क्षेत्र की नवनिर्वाचित तीसरी बार बने जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव पंचायत सचिवों का समर्थन करने पहुंचे ।



उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने मोदी की गारंटी के तहत अपने संकल्प पत्र में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने की बात कही थी। जिसके चलते प्रदेश भर के पंचायत सचिव भारतीय जनता पार्टी को भरपूर सहयोग करते हुए प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी लेकिन सरकार बनने के डेढ़ वर्ष बाद भी पंचायत सचिवों की एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण अभी तक ठंडे बस्ते में है। श्री यादव ने कहा कि झूठ बोलकर सत्ता हासिल करने वाले भारतीय जनता पार्टी हमेशा से ही झूठ का सहारा लेते रहे है। डबल इंजन की बात कहकर प्रदेश वासियों को ठगने वाली इस सरकार के चाल, चरित्र व चेहरे से जनता वाकिफहो चुकी है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश भर के पंचायत सचिव अपनी मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। जिसके चलते ग्राम पंचायतों में नवनिर्वाचित सरपंचों को प्रभार देने एवं ग्राम पंचायत की विभिन्न समस्याओं के निराकरण में

**बाधा उत्पन्न हो रही है। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी भाजपा की सत्तारूढ़ सरकार की है।**

श्री यादव ने आगे कहा कि महात्मा गांधी जी कहते थे कि भारत का हृदय गांव में बसता है, गांव की प्रथम इकाई पंचायत सचिव को सरकार बनने के मात्र सौ दिन बाद ही शासकीयकरण करने की बात कहकर भाजपा सत्तासीन हुई थी लेकिन अब भाजपा का असली चेहरा सबके सामने आ गया है। उन्होंने शासन प्रशासन से सचिवों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की बात दोहराते हुए कहा कि सचिवों की हड़ताल के कारण गांवों में अराजकता फैल रही है और सभी प्रकार के कामकाज ठप्प पड़ गये हैं।

**शासकीयकरण की मांग मोदी की गारंटी पर अमल नहीं होने से आक्रोश**

तीसरी बार जिला पंचायत सदस्य नवनिर्वाचित महेंद्र यादव ने आगे कहा कि 2023- 24 के विधानसभा और लोकसभा चुनाव के समय मोदी की गारंटी को पूरा करने की गारंटी के आश्वासन के बाद भी आज तक शासन द्वारा किसी प्रकार की पहल नहीं की गई है लिहाजा पंचायत सचिव में रोष व्याप्त है वही मांगों को पूरा नहीं होने पर एक अप्रैल को मंत्रालय का घेराव करने का निर्णय लिया गया है। श्री यादव ने आगे कहा कि 1995 से पंचायत सचिव पदभार ग्रहण कर अब तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार कर आम जनता को लाभान्वित कर रहे हैं वही ग्राम विकास में पंचायत सचिवों की अहम भूमिका रही है पंचायत सचिव पदाधिकारी ने लिखित आवेदन मे बताया कि 7 जुलाई 2024 को इंडोर स्टेडियम रायपुर की सभागार में मुख्यमंत्री विधानसभा अध्यक्ष सहित सभी जिम्मेदार मंत्रियों की उपस्थिति में पंचायत सचिव को शासकीय करण का भरोसा दिलाते हुए मोदी की गारंटी को पूरा करने तत्काल कमेटी गठन करने की घोषणा किया गया,पंचायत सचिव की मात्र एक ही मांग को पूरा करने 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति गठित कर 30 दिवस की भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया था विधानसभा बजट सत्र में पंचायत सचिव की मांग शासकीय करण विषय पर कुछ भी चर्चा नहीं होने से नाराज एवं आक्रोषित पंचायत सचिवों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं जिससे पंचायत के ग्राम विकास के कार्य प्रभावित हो रहे हैं इसी तरह ग्राम पंचायत में नवनियुक्त पंचायत पदाधिकारी के सामने भी सचिव के हड़ताल से परेशानी खड़ी हुई है।

## ईमानदारी जिंदा है

# बृजेश शर्मा को सागर देवांगन ने लौटाया उनका खोया लैपटॉप



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर को संस्कारधानी यूं ही नहीं कहा जाता हैं यहां संस्कार और ईमानदारी के उदाहरण मिलते रहते हैं। इस मामले में पुलिस की भूमिका भी अच्छी रही है। पुलिस से मिली के जानकारी अनुसार मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार से है कि बृजेश शर्मा पिता श्री दादा राम शर्मा उम्र 46 साल निवासी बसंतपुर वार्ड नं0 46 थाना बसंतपुर 21 मार्च 2025 अपने लिनियों कपंनी का लैपटाप को सुधार हेतु अपने घर से निकला था और शाम करीबन 04:00 बजे लगभग जिला अस्पताल के पास चाय पीने के लिए रूका था। और चाय पीने के बाद अपना लैपटॉप बैंग सहित वही पर भूल कर चला गया। उक्त लैपटॉप को थाना बसंतपुर क्षेत्रान्तर्गत के आटो चालक सागर देवांगन पिता स्व0 दुखित देवांगन उम्र 33 साल निवासी इंदिरा नगर राजनांदगांव, थाना बसंतपुर को वह लैपटॉप मिलने पर आटो चालक के द्वारा ईमानदारी का परिचय देते हुए गुमे हुए लैपटॉप को बैंग सहित थाना बसंतपुर में लाकर जमा किया गया। बैंग को चेक करने पर मोबाईल नंबर अंकित था। जिससे संपर्क कर थाना तलब कर गुम हुए लैपटॉप को उसके मालिक बृजेश शर्मा को सुपुर्द किया गया। इस प्रकार आटो चालक द्वारा अपनी ईमानदारी का परिचय दिया। जिस पर पुलिस ने आटो चालक को धन्यावाद दिया और राजनांदगांव पुलिस आम जनता से इसी प्रकार पुलिस सहयोग की अपील करती है।

# भाजपा सरकार ने नैतिकता की सारी हदें पार कर दी - नीरज कन्नौजे

## छत्तीसगढ़ सरकार की शराब नीति का खुलकर विरोध

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे ने इस जिले सहित छत्तीसगढ़ में 67 नई शराब दुकान खोले जाने के निश्चय का खुलकर विरोध जताया है उन्होंने जिले में 5 नई दुकान खोलने के निर्णय पर कहा कि जिले में वैसे भी पहले से बड़ी संख्या में शराब दुकान संचालित हो रही हैं और शराब दुकान खोले जाने तथा ऑनलाइन डिमांड पर घर-घर शराब पहुंचाने की नीति समाज के लिए घातक है यह निर्णय भाजपा सरकार की नैतिकता की सारी हदें पार करने का प्रमाण है।

श्री कन्नौजे ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष?णुदेव साय नीत भाजपा सरकार की नई आबकारी नीति इस सरकार के नैतिक पतन को दर्शाती है। सरकार द्वारा सरकारी शराब दुकानों की संख?या बढ़ाने का फैसला प्रदेश की गरीब और मध?यमवर्गीय आबादी को शराब में



झोंकने का काम करेगा। आम लोगों को भी इसके खिलाफसामने आकर खड़ा होना होगा। साय सरकार जो नई आबकारी नीति लेकर आई है उसके तहत राज?य में 67 नई शराब दुकानें शुरु की जाएंगी। यही नहीं प्रति व?यक्ति को शराब दुकान से मिलने वाली मात्रा भी बढ़ाई जा रही है। इससे अवैध शराब के कारोबार को बढ़ावा मिलेगा। शराबबंदी से मुंह मोड़ चुकी ये सरकार अब घर-घर शराब पहुंचाने की जद्दोजहद में लगी हुई है। भाजपा ने अपनी नैतिकता की सारे हदे पार कर दी हैं। ये सर्वथा निंदनीय निर्णय है। लोगों को शराब की आदत की ओर धकेलकर आर्थिक मजबूती का पक्ष लिया जा रहा है। जबकि इससे स?वास?थ?य में प्रतिकूल प्रभाव, सुरक्षा इंतजाम और कामगारों की कार्यक्षमता घटने के दुष?प्रभाव हमें तोड़कर रख देंगे। कृ?षि, उद्योग और सहकारिता की ओर प्रयास किए जाने के बजाए दिल्ली के रिमोट से चलने वाली भाजपा सरकार लुटिया डुबोने की तैयारी में है।

# दस साल के अली अब्बास ने रखा पांचवा रोजा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पवित्र रमजान के महीने के चलते भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री जहीर अब्बास के पुत्र अली अब्बास (10 वर्षीय) ने पांचवा रोजा मुकम्मल किया है।



उनके इस हौसले की समाज में अच्छी तारीफ हो रही है। उल्लेखनीय है कि ईद उल फित्तर 31 मार्च को होना संभावित है। अगर चांद की तस्दीक हों जाती हैं। तो 31 मार्च को निश्चित रूप से ईद उल फित्तर मनाया जाएगा। रमजान के चलते मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा विशेष नमाज अदा की जाएगी। ईद को लेकर समाज में अभी से उत्साह का माहौल बनने लगा है।इसके लिए बाजार में अभी से खरीदारी शुरू हो गई है।

# निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण कर वृहद गृह प्रवेश कराये जाने के दिए निर्देश

## सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम कसारी और सुकुलदैहान में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण का किया निरीक्षण



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम कसारी एवं जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत सुकुलदैहान में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष में स्वीकृत सभी आवासों को नियत समय में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने निर्माणाधीन आवासों को 30 मार्च 2025 तक पूर्ण कर वृहद गृह प्रवेश कराये जाने का निर्देश दिया। निर्माणाधीन आवासों के निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों से सीधे बातचीत कर उन्हें आवास निर्माण निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर किस्त प्राप्त करने की समझाईस दी गई।सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें वर्तमान में चल रहे आवास प्लस 2024 अंतर्गत छुटे हुए आवास हेतु जरूरत मंद परिवारों को सर्वेयर के माध्यम से सर्वे करवाकर नाम जुड़वाने की जानकारी दिया। सर्वे का कार्य दो तरीकों से अर्थात ग्राम पंचायत के सर्वेयर अथवा स्वयं से सर्वे मोबाईल एप्प के माध्यम से सर्वेक्षित होने की महत्वपूर्ण जानकारी दिया। उन्होंने ग्राम पंचायत सुकुलदैहान के दिव्यांग हितग्राही का आवास निर्माण होने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा उन्हें मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होने के संबंध में जानकारी ली। दिव्यांग हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत लाभान्वित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी। निरीक्षण के दौरान जिला समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, सीईओ जनपद पंचायत, कार्यक्रम अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना के इंजीनियर, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, नोडल अधिकारी, सरपंच, रोजगार सहायक, आवास मित्र सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# एचआईव्ही संक्रमित व्यक्ति के प्रति भेदभाव का व्यवहार नहीं होना चाहिए : योगेन्द्र प्रताप सिंह



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के सहयोग से जनकल्याण सामाजिक संस्थान, राजनांदगांव द्वारा संचालित लिंक वर्कर स्कीम परियोजना के अंतर्गत परियोजना कार्यालय में छत्तीसगढ़ पीएलएचआईव्ही नेटवर्क (विहान) परियोजना के साथ समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी के परिचय से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित सभी प्रतिभागियों द्वारा नाम, पता, कार्यक्षेत्र व अनुभव की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम सत्र का शुभारंभ करते हुए विहान परियोजना के कार्यक्रम समन्वयक विनोद लहरी के द्वारा विहान परियोजना के उद्देश्य पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। परियोजना एचआईव्ही संक्रमितों के लिए कार्य करती है, इसके अंतर्गत एचआईवी संक्रमित के साथ समाज में अनुकूल वातावरण निर्मित करना जिससे समाज में सामान्य व्यक्ति की तरह जीवन यापन कर सके, सामान्य व्यक्तियों को जीवन जीने का अधिकार है, उसी प्रकार एचआईवी संक्रमित व्यक्ति को समाज में अन्य व्यक्तियों की तरह समान रूप से जीने का अधिकार है। एचआईव्ही पॉजिटिव व्यक्तियों के लिए शासन के द्वारा विभिन्न प्रकार की शासकीय योजना संचालित की जा रही है, जैसे बस पास, नोनी सुरक्षा योजना, एचआईव्ही संक्रमित बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना, श्रम कार्ड, राशन कार्ड योजना इत्यादि योजनाएं हैं, जिनका लाभ लिया जा सकता है। एचआईव्ही संक्रमितों के प्रति भेदभाव करना दंडनीय अपराध है, यदि कोई व्यक्ति किसी एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ भेदभाव करता है, तो उसे कारावास या आर्थिक धन की सजा हो सकती है। शासन के द्वारा एचआईव्ही एक्ट 2017 लाया गया है। जनकल्याण सामाजिक संस्था के अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा कहा गया कि समाज में हमें सभी के प्रति समान भाव वह व्यवहार रखना चाहिए, जिससे एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के प्रति भेदभाव का व्यवहार न हो उनका हमेशा सहयोग व आत्म बल बढ़ाने हेतु उनका सहयोग करना चाहिए। सरकार की जो भी योजनाएं संचालित है, उनका लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भी हमारा दायित्व है। इसे हमें निर्वहन करना चाहिए।

कार्यक्रम में विहान कार्यक्रम से विनोद लहरी, रेखा जायसवाल, लिंक वर्कर स्कीम परियोजना से जिला स्त्रोत समन्वयक जितेंद्र कुमार जंघेल, सुपरवाइजर राखी देवी साहू, रेवा साहू, टीएआईए परियोजना से कार्यक्रम प्रबंधक नागेश्वर मुंजारे, काउंसलर सविता सिंह, सीमा देवी देवांगन एवं समस्त लिंक वर्कर उपस्थित थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com